प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.07.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि समाज के लिए उनके विचार और दृष्टिकोण आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व और आत्मविश्वास की भावना जगाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भारी बारिश, बादल फटने व भूस्खलन के कारण राज्य में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों विशेष रूप से मंडी जिला के थुनाग और जंजैहली में राहत व पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें इन प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को सड़क संपर्क, पेयजल आपूर्ति और बिजली बहाली के लिए त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया और आश्वस्त किया कि राहत और पुनर्वास कार्यों की निरंतर निगरानी उच्चतम स्तर पर की जा रही है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल के विकास पर बल दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति पर अधिकारियों और शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएएस सर्वेक्षण में प्रदेश 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है, जो राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों और शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान का परिणाम है।

*जहां नेशनल असेसमेंट सर्वे में हिमाचल प्रदेश ने बहुत बड़ी छलांग मारी है। इसमें क्लास थ्री, क्लास सिक्स और क्लास नौ की असेसमेंट हुई है। रैंकिंग जो हमें मिली है, वो पांचवीं मिली है और आप जानते हैं कि बहुत बड़ा लक्ष्य हमारे सामने था। 21वें स्थान पर जो हम 2021 में पहुंच चुके थे, उसमें मैं समझता हूं कि बहुत बड़ी प्रगति हुई है कि पांचवें स्थान पर पहुंचे हैं। ये पूरे हिमाचल के लिए गर्व की बात है एक बार पुनः जो हमारा स्थान था, उस पर वापिस पहुंचने का प्रयास किया, उसके लिए मैं अपने समस्त विभाग को पिछले कल जो हमारी बैठक थी, अपने शिक्षा विभाग के परिवार को इसकी बधाई दी है।*

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में सतत और समावेशी शहरी विकास के दृष्टिगत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन के बसाल में हाउसिंग कॉलोनी में दो ट्विन टावर्ज के निर्माण के लिए लगभग 24 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन ट्विन टावर में तीन बीएचके के 24 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे जिनमें फ्लैट मालिकों के लिए पार्किंग की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने कहा कि हिमुडा प्रदेश में लोगों को किफायती और सुविधाजनक आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सभी महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर वर्षा हुई है। पिछले दिनों प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने से कई स्थानों पर अवरूद्ध हुए सड़क मार्गों और विद्युत व पेयजल योजनाओं को बहाल करने का कार्य जारी है। प्रदेश में मॉनसून सीजन में अब तक 69 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 2 सौ 80 सड़कों पर यातायात बंद है और करीब 3 सौ 32ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं जबकि 7 सौ से अधिक पेयजल योजनाएं बंद हो गई हैं। भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं में मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।

*मंडी जिला में गत एक जुलाई को आई भीषण आपदा में अब तक की जानकारी के अनुसार 14 लोगों की मौत और 31 अन्य के लापता होने की पुष्टि प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जिला के सबसे ज्यादा प्रभावित सिराज विधानसभा क्षेत्र में मरने और लापता लोगों का आंकड़ा बहुत अधिक है और यहीं पर जिला भर में सबसे ज्यादा तबाही देखने को मिली है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आकाशवाणी को जानकारी देते हुए कहा कि जिला में अब तक 148 सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने के लिए पीडब्यलूडी विभाग दिन-रात प्रयासरत है। इसके अलावा 353 डीटीआर तथा 605 पेयजल परियोजनाएं भी अभी तक ठीक नहीं हो पाई हैं। आज उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी मंडी के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। जहां वे बाढ़ से प्रभावित जल परियोजनाओं का निरीक्षण तथा पथ परिवहन निगम के प्रभावित रूटों की समीक्षा में भाग लेंगे। इस दौरान वे बाढ़ प्रभावित लोगों से भी मिलेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा आज मंडी जिला के कई भागों में वर्षा, तेज हवाएं व आसमानी बिजली की येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है।*

इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आगामी दिनों में खराब मौसम के मददेनजर लोगों से नदी-नालों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।